आकाशवाणी शिमला

30.07.2025 / प्रादेशिक समाचार / 09:20बजे

## मंत्रिमंडल

राज्य सरकार ने प्रदेश के जिला अस्पतालों और चयनित आदर्श स्वास्थ्य संस्थानों में कीमोथेरेपी के लिए 18 डे केयर सेंटरों को स्तरोन्नयन करने की मंजूरी प्रदान की है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में कल शिमला में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। बैठक में नशे से जुड़े मामलों में संलिप्त कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के और स्वास्थ्य विभाग को नशा मुक्ति के लिए प्रशिक्षण, जागरूकता, इलाज, परामर्श, पुनर्वास आदि गतिविधियों को सशक्त बनाने के निर्देश दिए गए हैं। बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए राजस्व मंत्री जगत सिंह नेगी ने बताया कि पंचायती राज संस्थाओं को भी नशे के खिलाफ जन जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से शामिल किया गया है।

## हर्षवर्धन चौहान

उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने कल शिमला में प्रदेश बल्क ड्रग पार्क इन्फ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड की उच्च स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता की। उद्योग मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार बल्क ड्रग पार्क को सुचारू रूप से आगे बढ़ाने के लिए निवेशकों की सभी समस्याओं का समाधान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## जागरूकता कार्यक्रम

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के क्षेत्रीय कार्यालय शिमला द्वारा केंद्र की प्रधानमंत्री विकसित भारत योजना के बारे में विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को जागरूक करने के लिए शिमला में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश कुमार ने की। उन्होंने बताया कि इस योजना का उद्देश्य देश में साढ़े 3 करोड़ से अधिक नौकरियों के सृजन को प्रोत्साहित करना है।

## सांस्कृतिक संध्या

चम्बा में चल रहे अन्तर्राष्ट्रीय मिंजर मेले की तीसरी सांस्कृतिक संध्या के दौरान प्राइम टाइम में मंच पर उतरे अख्तर ब्रदर्स ने अपने गीतों से खूब समा बांधा और दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। तीसरी सांस्कृतिक संध्या में कृषि उपज विपणन समिति के अध्यक्ष ललित ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। संध्या के दौरान पारम्परिक कुंजड़ी मल्हार गीत भी आकर्षण का केंद्र रहा। ललित ठाकुर ने प्रदेश के मेलों में स्थानीय कलाकारों को प्रोत्साहित करने पर बल दिया।

## मौसम

प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं और कुल्लू, किन्नौर व चंबा ज़िले में कुछ स्थानों पर वर्षा का समाचार है। चंडीगढ़–मनाली राष्ट्रीय उच्च मार्ग 9 मील और कैंची मोड़ के पास भूस्खलन के कारण अवरूद्ध हो गया है। इस बीच मौसम विभाग ने आज कांगड़ा, मंडी, कुल्लू और चंबा ज़िलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जबकि लाहौल स्पीति और किन्नौर को छोड़कर अन्य सभी जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है।

## सुर्खियां समाचार पत्रों से.........

आज सभी समाचार पत्रों ने मंडी में बादल फटने से हुए नुकसान और प्रदेश मंत्रिमंडल के फैसलों से जुड़ी खबरों को सचित्र प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**मंडी में फटा बादल–एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत**–सौ से ज्यादा वाहन दबे। दैनिक भास्कर का शीर्षक है– **मंडी में बादल फटा परिवार के तीन लोगों की मौत**। पंजाब केसरी के शब्द हैं–गंर्धव पहाड़ी का हिस्सा टूटने से मंडी के रिहायशी इलाकों की ओर मुड़ा नाले का बहाव, **एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत।** दिव्य हिमाचल लिखता है– मंडी में फिर आसमानी कहर, **तीन की गई जान करोड़ों डूबे।** मंत्रिमंडल के फैसले से जुड़ी खबर को दैनिक जागरण ने शीर्षक दिया है– **भवनों का स्ट्रक्चरल आडिट अनिवार्य होगा।** हिमाचल दस्तक के शब्द हैं– 12 साल पूरा कर चुके एक हजार तीन सौ 86 जल रक्षक बनेंगे पम्प अटैंडेंट। आपका फैसला की एक खबर है– **एच.आर.टी.सी. की सुपर लगजरी बसों का किराया घटेगा,** ऑनलाईन बनेंगे पास। दैनिक सवेरा टाईम्स, दैनिक भास्कर और दैनिक जागरण की लगभग एक जैसी सुर्खी है– **पुलिस भर्ती में डॉप टैस्ट अनिवार्य**, कर्मचारियों को देना होगा शपथ पत्र।

———————————